|| धर्मो रक्षति रक्षितः ||
|| श्री प्रेम-भुवनभानु-जयघोष-राजेंद्र-चंद्रशेखर-विमलकीर्ति गुरुभ्यो नमः ||

तपोवन पर्युषण आराधना

(अखिल भारतीय संस्कृति रक्षक दल - अहमदाबाद और सूरत)

आशिषदाता

युगप्रधान आचार्यसम प.पू.पं.प्रवर **श्री चन्द्रशेखरविजयजी म.साहेब "गुरुमा"**

मार्गदर्शक

संस्करणशिल्पी बंधुबेलडी पू.आ.भ.**श्री हंसकीर्तिसूरीश्वरजी म.साहेब** • पू.आ.भ.**श्री भव्यकीर्तिसूरीश्वरजी म.साहेब**

श्री संघ के धर्मानुरागी सभी ट्रस्टीवर्य एवं सभी सभ्यो को तपोवन पर्युषण विभाग कमिटी की ओर से सादर प्रणाम ।

आप सभी कुशल मंगल होंगे और हमेशा रहे ऐसी परम कृपालु परमात्मा से प्रार्थना ।

आपको बताते हुए ख़ुशी हो रही है की पूज्य गुरुमा श्री चंद्रशेखरविजयजी महाराज साहब और सभी उपकारी गुरु भगवंतो के आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन से TYAG (Tapovan Youth Alumni Group) के युवा शासनसेवा के कार्यो में तन मन और धन से जुड़े हुए है।

युगप्रधान आचार्यसम परम पूज्य पं. प्रवर श्री चंद्रशेखरविजयजी महाराज साहब की प्रेरणा से पुण्यानुबंधी पुण्य उपार्जन करके देनेवाली अनेक प्रवृत्तियाँ आज चल रही है| ये प्रवृत्तियाँ रुपी उद्यान आज चारों दिशा में अपनी सुगंध फैला रहा है। इस उद्यान में खिलने वाले सबसे सुंदर सुगंधित फूलों में से एक है "पर्युषण विभाग"।

आज पूज्य गुरुमा और उनके शिष्यरत्नो द्वारा उच्चकोटि की तालीम प्राप्त 200 से अधिक युवा पिछले 40 से भी ज्यादा वर्षो से देश विदेश के अनेक श्री संघ में जहाँ पूज्य साधू साध्वीजी भगवंत का चातुर्मास न हो वहां पर्युषण महापर्व की आराधना करने एवं कराने जा रहे है।

पूज्य गुरुमा की दिव्यकृपा से एवं संस्करणशिल्पी बंधुबेलडी पू.आ.भ. श्री हंसकीर्तिसूरीश्वरजी म.साहब और पू.आ.भ. श्री भव्यकीर्तिसूरीश्वरजी म.साहब के आशीर्वाद से तपोवन पर्युषण विभाग बहोत ही बढ़िया चल रहा है है इस साल भी 100 के करीब टीम बनाने की भावना के साथ युवा अभी से काम पे लग गए है ।

तपोवन पर्युषण विभाग के वीर सैनिक पर्युषण के दौरान नीचे बताई हुई प्रवृत्तियाँ करवाते है -

- शुद्ध सुत्रोच्चार के साथ और क्रिया के साथ साथ क्रिया की समज देनेपूर्वक सुबह शाम के प्रतिक्रमण
- कल्पसूत्र और अष्टान्हिका जैसे महान ग्रंथो में बताई हुई शास्त्रोक्त बातों को अर्वाचीन दृष्टांतो से सरल भाषा में अपने वक्तव्य में समाविष्ट करके जनमानस के ह्रदय में प्रस्थापित करते है।
- मातृ-पितृ वन्दना, शत्रुंजय, शंखेश्वर और श्री सीमंधर स्वामी भगवान की भावयात्रा, प्रभु मिलन, चारित्र उपकरण वंदनावली, रात्रि भोजन त्याग, जमींकंद (कंदमूल) त्याग, परिवार में स्नेहभाव, वर्तमान समय की समस्याएँ जैसे अनेक विषय पर तेज़ाबी एवं संवेदनशील वक्तव्य
- मेमरी गेम, वनमिनट, गहुंली स्पर्धा, कौन बनेगा ज्ञानी जैसी अनेक प्रकार की धार्मिक रमतें
- लोक प्रचलित अनेक भक्ति पदों के गान द्वारा उत्कृष्ट परमात्मा भक्ति

अगर आपके श्री संघ में पूज्य साधू साध्वीजी भगवंत का चातुर्मास न हो और पर्युषण महापर्व के दौरान यदि आप -

- परमात्मा भक्ति और गुरु भक्ति के रंग में रंगना चाहते हो तो
- करुणा रस की धार में भीगना चाहते हो तो
- धर्मरक्षा और शासनरक्षा की भावना को जनजन के ह्रदय में प्रस्थापित करने की प्रबल इच्छा रखते हो तो

- आपके साथ पर्युषण महापर्व की आराधना करने हेतु हमारे वीर सैनिक को आप अचूक बुला सकते हो।

इसी के साथ हम आपको "तपोवन पर्युषण आराधना - विनंती पत्र" भेज रहे हैं। यदि आपके श्री संघ में पूज्य साधु साध्वीजी भगवंत का चातुर्मास नहीं है और आप वीर सैनिक को अपने साथ पर्युषण महापर्व की आराधना के लिए आमंत्रित करना चाहते हैं तो तुरंत इस विनंती पत्र को भरकर हमें भेजें। इस बात का ख्याल रखे कि तपोवन पर्युषण विभाग के संचालको को प्राप्त कुल विनंती पत्रों में से तपोवन पर्युषण विभाग के संचालको द्वारा वहाँ टीम भेजने को प्राथमिकता दी जायेगी जहाँ आराधना की दृष्टि से अधिक लाभ हो

लि.
तपोवन पर्युषण विभाग कमिटी

Tapovan Youth Alumni Group **(TYAG)** की ओर से...

निहार भणसारी: **+91 94277 17408** हेमंत पंचाल: **+91 94293 89486** मित शाह: **+91 99986 17750** समकित चावाला: **+91 93747 18345**

paryushan.guruma@gmail.com

अखिल भारतीय संस्कृति रक्षक दल, धारशी संस्कृति भवन, चंदनबाला कॉम्पलेक्ष,
आनंदनगर पोस्ट ऑफिस के पास, भठ्ठा, पालड़ी, अमदावाद - 380007